**मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड**
(म.प्र.शासन का उपकम)
''ऊर्जा भवन'' मुख्यमार्ग क0 2, शिवाजी नगर
भोपाल (म.प्र.)
ग्रामः ऊर्जा निगम, फेक्स : 0755-2553122
दूरभाष : 0755 - 2553595, 2767270, 2556245

कमांक– F-UVN/2023/EST-216/2444/ भोपाल, दिनांक 22.09.2023

# विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमि प्रधान कार्यालय, भोपाल में मुख्य अभियंता के रिक्त पद पर केन्द्र एवं सभी राज्य शासन के विभागों/मंडलों/निगमों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि 09.10.2023 तक कार्यालयीन समय में आमंत्रित किए जाते है। नियुक्ति हेतु अर्हताए, सेवा शर्ते आवेदन पत्र का प्रारूप एवं प्रमाणीकरण सहित अन्य विस्तृत विवरण म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमि की वेबसाइट https://mprenewable.nic.in पर उपलब्ध है।

प्रबंध संचालक

# मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लि0

''ऊर्जा भवन '', लिंक रोड–2, शिवाजी नगर, भोपाल, (म. प्र.)

म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमि. प्रधान कार्यालय, भोपाल में निम्नलिखित पदो पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर पदस्थापना हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए जाते है

| क्र | पदनाम | वेतनमान/ एकजाई संविदा मानदेय | नियुक्ति का प्रकार | अधिकतम आयु सीमा | न्यूनतम अहर्ताए | अनुमानित पद संख्या | पद स्थापना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | मुख्य अभियंता | वेतन बैंड मे वेतन रुपए 1,29,700–2,14,300 (लेवल–16) | प्रतिनियुक्ति | 62 वर्ष से कम | 1. राज्य शासन के कार्य विभागों/ म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी लिमि./म.प्र. पावर जनरेटिंग केपनी लिमि./म.प्र. पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमि./म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमि./केन्द्र एवं राज्य शासन के विभागों/निगम/मण्डल व उपक्रम के मुख्य अभियंता या इसके ऊपर के पद या समकक्ष पद/अधीक्षण यंत्री के मूल पद पर कार्यरत इंजीनियरिंग में स्नातक। वांछनीय रिन्यूएबल एनर्जी योजनाओं के क्रियान्वयन के अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी।<br><br>2. उक्त विभागों/निगमों में पदस्थ अधीक्षण यंत्री, जो कि न्यूनतम अधीक्षण यंत्री से ऊपर के क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान में पिछले 05 वर्षों से पदस्थ हैं, वह आवेदन के लिए पात्र होगें। | 01 | प्रधान कार्यालय, भोपाल |

**चयन की शर्तें :–**

1. उक्त विज्ञापित पद हेतु इंजीनियरिंग में न्यूनतम स्नातक होना अनिवार्य है।

2. प्रतिनियुक्ति से उक्त पदों की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदनों में योग्य अभ्यर्थियों को मूल विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के उपरांत उपयुक्त पाये जाने पर उनके मूल विभाग से सेवाकाल के अंतिम पांच वर्षों की ग्रेडिंग एवं विभागीय जांच इत्यादि की जानकारी प्राप्त की जायेगी। मूल विभाग से प्राप्त गोपनीय प्रतिवेदन की ग्रेडिंग में कम से कम 03 वर्षों में "क" (बहुत अच्छा) या इससे उच्च तथा किसी भी वर्ष में ''घ'' (औसत से कम) न हो, के अनुरूप होना चाहिए। ऐसे अधिकारी के विरूद्ध कोई विभागीय जांच संस्थित नहीं होना चाहिए तथा किसी भी विजिलेन्स इन्क्वायरी यथा लोकायुक्त, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो आदि द्वारा दोषी नहीं पाया जाना चाहिए, तब ही पदस्थापना हेतु पात्र माना जायेगा।

3. प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ होने की स्थिति में मुख्य अभियंता को मूल विभाग में प्राप्त हो रहा वेतनमान देय होगा अर्थात अलग से वेतन निर्धारण नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य भत्ते जो मूल विभाग में प्राप्त हो रहे हैं परन्तु म.प्र. शासन में लागू नहीं हैं, के संदर्भ में राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग/वित्त विभाग या राज्य शासन के निर्देश/प्रतिनियुक्ति नियम इत्यादि लागू होंगे।

4. प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों को वर्तमान में प्राप्त हो रहे वेतन एवं भत्ते ही प्राप्त होंगे एवं मध्यप्रदेश शासन के नियमों के अनुसार अवकाश की पात्रता होगी। प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों परम सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 लागू होगा एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की स्थिति में मप्र शासन के निर्देश लागू होगे।

5. निगम द्वारा मुख्य अभियंता के पद पर प्रतिनियुक्ति से भरे जाने हेतु प्रक्रिया भी सतत् रूप से प्रचलित रहेगी।

6. मुख्य अभियंता के पद हेतु साक्षात्कार की दिनाक ई–मेल / एसएमएस /निगम की वेबसाइट पर पृथक से सूचित की जायेगी।

7. आवेदन पत्र में वांछित सभी अभिलेखों की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न किया जाना आवश्यक है।

8. अर्हताएं एवं आयु सीमा तथा अनुभव इत्यादि के संबंध में वर्षों की गणना विज्ञापन जारी होने के दिनांक से की जावेगी। प्रतिनियुक्ति अवधि सामान्यतः एक वर्ष की अवधि निगम में कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से होगी। जिसे एक वर्ष और बढ़ाया जा सकता है। प्रबंध संचालक द्वारा घटाया या बढ़ाया जा सकेगा। इसका सम्पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित होगा। अभ्यर्थी की प्रतिनियुक्ति सेवायें किसी भी समय बिना किसी कारण के प्रबंध संचालक द्वारा समाप्त की जाकर मूल विभाग लौटाई जा सकेगी।

9. इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र उचित माध्यम से प्रस्तुत करेंगे एवं आवेदन की एक अग्रिम प्रति प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमि. ऊर्जा भवन, शिवाजी नगर, लिंक रोड नं. 02, भोपाल, म.प्र.–462016 के पते पर भेजेंगे। म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमि. मुख्यालय में व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र जमा करने के लिए प्रधान कार्यालय में पदस्थ प्रभारी प्रशासन श्री तरूण रत्नावत को अधिकृत किया जाता है। आवेदकगण अपना आवेदन पत्र एक लिफाफे में रख कर उन्हें सौंपे तथा पावती प्राप्त करें। डाक द्वारा आवेदन–पत्र भेजने वाले आवेदकगण अपने आवेदन पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से भेजें सामान्य

डाक या कोरियर के माध्यम से आवेदन–पत्र कार्यालय तक न पहुचने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 04.09.2023 कार्यालयीन समय तक है। विज्ञप्ति में संशोधन (यदि कोई जारी होते हैं), साक्षात्कार हेतु सूचना तथा अन्य संबंधित जानकारियों एवं उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों की जानकारी विभागीय वेबसाईट पर दर्शित की जायेगी। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://mprenewable.nic.in पर उपलब्ध है।

10. प्रतिनियुक्ति पर लिए जाने वाले मुख्य अभियंता को विभाग के प्रशासकीय अनुमोदन/आवश्यक अनुमोदन से रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमि./कार्यालय आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के कार्यों से व अन्य कार्यों से संबंधित पदस्थापना की जा सकेगी।

11. प्रबंध संचालक, म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमि. को विज्ञापन निरस्त/संशोधन करने, चयन प्रक्रिया अवधि आदि शर्तों में संशोधन करने का संपूर्ण अधिकार होगा।

प्रबंध संचालक
म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमि.

# आवेदन पत्र का प्रारूप
## (प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र)

प्रति,

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमि.,
ऊर्जा भवन, शिवाजी नगर, लिंक रोड नं. 02,
भोपाल, म.प्र.–462016

आवेदक का नवीनतम कलर फोटोग्राफ (3X4 से.मी. साईज)

1– आवेदित पद का नामः– **मुख्य अभियंता**

2– आवेदक का नाम (हिन्दी में)......................................................................................................

आवेदक का नाम (अंग्रेजी के केपिटल लेटर में)..........................................................................

3– पिता/पति का नामः-

4– जन्मतिथि (अंको में)...............................................(शब्दों में)..............................................................................

(जन्म तिथि के सत्यापन हेतु प्रमाणपत्र की स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करे)

5– आवेदक का पत्र व्यवहार का पताः–

...........................................................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

6– दूरभाष क्र...................................................मोबाईल न......................................... .ई–मेल..................................

7– आवेदक की श्रेणी (सामान्य/अजा/अजजा/अपिव)............................................................................................

8– आवेदक का आधार नं. (छायाप्रति संलग्न) .....................................................................................................

9– विज्ञापन अनुसार अनुभव का विवरणः–

| धारित पद का नाम | विभाग/ संस्था संस्थान का नाम | संस्थान (शासकीय /अर्द्ध-शासकीय/ अन्य) | पदस्थापना का स्थान | अवधि का विवरण | | नियुक्ति का प्रकार (नियमित/ संविदा /मानदेय /आदि) | अनुभव अवधि में कार्य दायित्व का संक्षिप्त विवरण अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य किया हो तो कृपया अवधि सहित उल्लेख करें | क्या विभाग मे अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है यदि हाँ तो प्रति संलग्न करें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कब से तिथि | कब तक तिथि | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

**आवेदक के हस्ताक्षर**

# <u>प्रमाणीकरण</u>

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि आवेदन में प्रस्तुत सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सत्य व सही है। गलत पाये जाने पर मेरी सेवायें बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

दिनांक:– ................................

स्थान:– ....................................